Decision left with the Centre to fix procurement targets of Wheat

6589. SHRI MOHINDER SINGH GILL: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether neither the Agricultural Prices Commission nor the Chief Ministers' conference set any procurement targets for wheat and it is left to the Centre only to fix the targets for various States on the basis of overall distribution policy; and

(b) if so, whether a final decision has since been taken in this matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ANNASAHEB P. SHINDE): (a) Neither the Agricultural Prices Commission nor the Chief Ministers' Conference made any recommendation regarding the procurement target.

(b) No, Sir.

केन्द्रीय कृषि यांत्रिक संस्थान की स्थापना

6590. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार के विचाराधीन एक केन्द्रीय कृषि यांत्रिक संस्थान स्थापित किये जाने की कोई योजना है ; और

(ख) क्या सरकार मध्य प्रदेश के किसी ऐसे जिले में उक्त संस्थान की स्थापना किये जाने पर विचार करेगी जो औद्योगिक और कृषि के क्षेत्रों में बहुत पिछड़ा हुआ हो ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णा साहिब पी० शिंदे) : (क) पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि यांत्रिक राष्ट्रीय संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के अधीन विचाराधीन है।

(ख) इस संस्थान की स्थापना के लिये उपयुक्त जगह का चयन करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विशेषज्ञों की एक समिति नियुक्त की गयी है। इस समय समिति मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा संस्थान के लिये दी गयी जगहों का निरीक्षण कर रही है। विशेषज्ञ समिति की सिफारिश को ध्यान में रखकर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा संस्थान की जगह के बारे में अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

देश में पशुवधशालाएं

6591. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में सरकारी जानकारी के आधार पर कितनी पशुवधशालाएं हैं; और

(ख) इन पशुवध शालाओं में अनुमानतः प्रति माह कितने अलाभप्रद पशुओं का वध होता है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य) : (क) 1972-73 के दौरान एकत्रित की गई जानकारी के आधार पर पशुवध शालाओं की संख्या 2870 है ?

(ख) वर्ष 1972-73 में एकत्रित की गई जानकारी के अनुसार प्रतिमाह औसतन 99.273 अनुत्पादक बड़े पशुओं का वध होता है।

उत्तर प्रदेश द्वारा मांगा गया तथा उसे सप्लाई किया गया गेहूं और मोटा अनाज

6592. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच महीनों में उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से कितने गेहूं और मोटे अनाज की मांग की थी ;

(ख) उक्त अवधि में केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकार को कितना खाद्यान्न सप्लाई किया; और

(ग) अपेक्षित मात्रा मे खाद्यान्न सप्लाई न किये जाने के क्या कारण है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णा साहिब पी० शिन्दे) : (क) और (ख) : पिछले पांच महीनों (नवम्बर, 73 से मार्च, 74) के दौरान केन्द्रीय पूल से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मांगी और उन्हें सप्लाई की गई मात्रा इस प्रकार है —

	मागी गई मात्र (हजार मी० टन मे)	सप्लाई की गई मात्रा (हजार मी० टन मे)
गेहू और मोट अनाज	582.0	223.1 (अस्थाई)

(ग) केन्द्रीय पूल से खाद्यान्नो का आबटन, राज्य के अधिशेष या कमी के स्वरूप, केन्द्रीय पूल में स्टाक की उपलब्धता, सभी कमी वाले राज्यो की आवश्यकता, बाजार उपलब्धता, मूल्य स्थिति और अन्य सगत तथ्यों को ध्यान मे रख कर किया जाता है ।

हरियाणा द्वारा मांगा गया तथा उसे सप्लाई किया गया चावल

6593. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पाच महीनो में केन्द्रीय सरकार ने हरियाणा को कितना चावल दिया ;

(ख) इस अवधि में उक्त राज्य ने केन्द्रीय सरकार से कितने चावल की मांग की; और

(ग) चावल का पूरा कोटा न दिए जाने के क्या कारण है ?

कृषि मत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) (क) से (ग) हरियाणा राज्य चावल की दृष्टि से अधिशेष राज्य है। चावल सप्लाई नहीं किया गया था क्योंकि राज्य सरकार ने आवंटन के लिए नही कहा था ।

तमिलनाडु में परिवहन सुविधाओं और राजपथों के निर्माण के लिये वित्तीय सहायता

6594. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षो में सरकार ने तमिलनाडु राज्य सरकार को परिवहन सुविधाओं तथा राजपथों के निर्माण के लिये कितनी वित्तीय सहायता दी,

(ख) इस अवधि में राज्य सरकार ने उक्त कार्यों के लिये कितनी धनराशि की माग की थी , और